अपराध | आरोपियों से बरामद किए गए चांदी के आभूषण, झिंझरी चौकी पुलिस ने की कार्रवाई

# मंदिर में चोरी के आरोप में युवक गिरफ्तार




**नवभारत, कटनी।** माधवनगर थाने की झिंझरी पुलिस चौकी क्षेत्र स्थित मंदिर में चोरी करने के आरोप में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से चोरी की गई सामग्री भी बरामद कर ली गई है। पुलिस ने बताया कि 29 मार्च 2026 को पिपरौंधी गांव निवासी संतोष बर्मन ने शिकायत दर्ज करई थी कि उनके पारिवारिक दुर्गा मंदिर से अज्ञात चोरों ने चांदी के छोटे-बड़े दो छत्र, सोने का मंगलसूत्र, चांदी के आभूषण चोरी कर लिए हैं। चोरी की सूचना पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर प्रकारण की विवेचना शुरू की। विवेचना के दौरान कोतवाली और थाना एनकेजे पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए गए आरोपी भोपाल के अनाथालय निवासी प्रकाश उर्फ अभिषेक दुबे पिता कृष्ण कुमार दुबे और उमरिया निवासी राहुल सोनी पिता पुरुषोत्तम दास सोनी से पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान आरोपियों द्वारा चोरी करना स्वीकार कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 150 ग्राम चांदी और एक सोने जैसे धातू का लाकेट बरामद किया है। बरामद की गई चोरी की सामग्री की कीमत लगभग 95 हजार रूपए है। पुलिस ने बताया कि आरोपी प्रकाश उर्फ अभिषेक दुबे आदतन अपराधी है जिसके खिलाफ जिले के थाना कोतवाली, थाना कुठला, थाना एनकेजे, बडवारा, स्लीमनाबाद, जिला उमरिया और जबलपुर जिले के सिहोरा में कई संम्पत्ती संबंधी अपराध दर्ज हैं। आरोपी द्वारा लगातार अपराधिक गतिविधियां अंजाम दी जा रही थी। आरोपियों की गिरफ्तारी में झिंझरी चौकी प्रभारी एसआई राजेश कुमार दुबे, एएसआई शशिभूषण, सतीश भगत, प्रधान आरक्षक पंकज त्रिपाठी, हरिशंकर शुक्ला, अजय, महिला आरक्षक प्रीति तिवारी, सैनिक अक्षय पांडेय की भूमिका रही। पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया, सीएसपी नेहा पच्चीसियों और माधवनगर थाना प्रभारी संजय दुबे के मार्गदर्शन में की गई है।

## रेलव फाटक में बंद हुआ ट्रक

**नवभारत, कटनी।** जिले के रीठी थाना क्षेत्र के ग्राम देवरी में बुधवार शाम एक बड़ा रेल हादसा टल गया। रेलवे फाटक पर एक ट्रक के अचानक बंद हो जाने से हड़कंप मच गया। ट्रेन चालक और स्थानीय लोगों की सूझबूझ से समय रहते स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया। घटना बुधवार शाम करीब 6 बजे हुई। रेलवे फाटक बंद होने का सायरन बजते ही एक ट्रक जल्दी में फाटक पार करने की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान वह दोनों गेटों के बीच रेलवे ट्रैक पर आकर बंद हो गया। ट्रक चालक के बार-बार प्रयास करने के बावजूद वाहन स्टार्ट नहीं हो सका। इसी बीच दमोह की ओर से एक तेज रफ्तार मालगाड़ी आ रही थी। ट्रैक पर खड़े ट्रक को देखकर मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। मालगाड़ी चालक ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल सतर्कता बरती और ट्रेन की गति धीमी कर दी। इस दौरान एक अन्य ट्रक की मदद से बंद पड़े ट्रक को धक्का लगाकर रेलवे ट्रैक से बाहर निकाला। जिसके बाद फाटक को पूरी तरह बंद कर मालगाड़ी को निकाला गया।



# जेपीवीडीएवी स्कूल के कप्यूटर लैब में लगी आग

**डेढ़ घंटे की मशक्त बाद पाया गया आग पर काबू**

**नवभारत, कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र स्थित जमुना प्रसाद विश्वकर्मा दयानंद एंग्लो वैदिक हायर सेकेंडरी स्कूल में बुधवार दोपहर आग लग गई। आग तेजी से फैलते हुए स्कूल के एक हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया। हालांकि घटना के समय परिसर में ज्यादा छात्र मौजूद नहीं थे, जिससे बड़ा हादसा टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोपहर में स्कूल भवन से अचानक काला धुआं उठता देखा गया। कुछ ही देर में आग ने कंप्यूटर लैब को पूरी तरह घेर लिया। इस दौरान लैब में रखे कई कंप्यूटर, फर्नीचर और जरूरी शैक्षणिक दस्तावेज जल गए। प्रारंभिक अनुमान के मुताबिक लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। आग की सूचना मिलते ही नगर निगम के बस स्टैंड जोन से दमकल वाहन मौके पर पहुंचा। आग बढ़ती देख एक और दमकल वाहन बुलाया गया। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया और उसे स्कूल के अन्य हिस्सों में फैलने से रोक लिया गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों और अभिभावकों ने स्कूल की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि आग बुझाने के उपकरण पर्याप्त नहीं थे या सही हालत में नहीं थे। साथ ही, आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयारी भी पूरी नहीं दिखी। घटना के बाद कुठला थाना पुलिस और प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, लेकिन इसकी पुष्टि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही होगी। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही आग लगने का स्पष्ट कारण पता चलेगा।

## एक नजर में




### ऑटो रिक्शा से यात्री के लाखों के आभूषण चोरी

**नवभारत, कटनी।** उमरिया जिले के एक परिवार ने कटनी में ऑटो यात्रा के दौरान लाखों रुपए के जेवरात और नकदी चोरी होने का आरोप लगाया है। पीड़ित परिवार ने पुलिस पर कार्रवाई में लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत की है। उमरिया जिले के बिरसिंहपुर पाली निवासी यादवेंद्र सिंह ने बताया कि वे 26 अप्रैल को अपने परिवार के साथ लखनऊ से कटनी मेन स्टेशन पहुंचे थे। सुबह करीब 4 से 5 बजे के बीच उन्होंने साउथ स्टेशन जाने के लिए एक ऑटो किराए पर लिया। यादवेंद्र सिंह का आरोप है कि ऑटो चालक कमल हुसैन ने उनका बैग ऑटो में पीछे रखा और रास्ते में एक अज्ञात व्यक्ति को उनके पास बैठा दिया। यात्रा के दौरान बैग से जेवर और नकदी चोरी हो गई। परिवार का कहना है कि इस वारदात में ऑटो चालक की भी मिलीभगत हो सकती है। चोरी हुए सामान में सोने के झुमके, टप, पंचाली, पांच सौ ग्राम का चांदा का डोरा, पांच सौ ग्राम दो जोड़ी पायल छह बिछिया और पांच हजार रुपए नकद शामिल हैं। घटना के बाद 26 अप्रैल को रंगनाथ नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी, लेकिन पीड़ित परिवार का आरोप है कि पुलिस ने मामले में गंभीरता नहीं दिखाई। शिकायत की पावती पर भी मुहर नहीं लगाई गई। परिवार का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध होने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इसी वजह से उन्होंने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय की मांग की है। पीड़ित ने आवेदन में मांग की है कि पुलिस कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार करे और उसके चोरी हुए आभूषणों को वापस दिलाएं।

# सीटी स्कैन मशीन बंद होने से परेशान हो रहे मरीज

**जिला अस्पताल में दो दिन से बंद है सीटी स्कैन मशीन**




**नवभारत, कटनी।** जिला अस्पताल में पिछले दो दिनों से सीटी स्कैन मशीन खराब होने के कारण मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मशीन बंद होने से गंभीर बीमारियों और हादसों के शिकार दर्जनों मरीज बिना जांच कराए लौटने को मजबूर हैं। अमदरा गांव के रहने वाले राजेश शर्मा सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद अस्पताल पहुंचे थे। डॉक्टर ने उन्हें सिर का सीटी स्कैन कराने की सलाह दी, लेकिन मशीन खराब होने के कारण वे पिछले दो दिनों से अस्पताल के चक्कर काट रहे हैं। राजेश ने बताया कि उनके पास निजी सेंटर में हजारों रुपए खर्च करने के लिए पैसे नहीं हैं, जिससे उनका इलाज अटक गया है। सरकारी अस्पताल में सुविधा न मिलने का फायदा निजी डायग्नोस्टिक सेंटर उठा रहे हैं। गरीब मरीजों को मजबूरी में बाहर से 3,000 से 5,000 रुपए खर्च कर जांच करानी पड़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल में अक्सर मशीनें खराब रहती हैं या टेक्नीशियन नहीं मिलते, जिसका खामियाजा दूर-दराज से आने वाले ग्रामीणों को भुगतना पड़ता है। अस्पताल में फैली इस अव्यवस्था पर मरीजों ने नाराजगी जताई है। सिविल सर्जन यशवंत वर्मा ने बताया कि तकनीकी खराबी और मेंटेनेंस की वजह से मशीन फिलहाल बंद है। उन्होंने कहा कि टेक्नीशियन काम में लगे हुए हैं और जल्द ही सीटी स्कैन की सुविधा दोबारा शुरू कर दी जाएगी।

# जर्जर स्वास्थ्य केन्द्र भवन, डॉक्टर कक्ष की छत गिरी, बड़ा हादसा टला

**कलेक्टर के निर्देश के बाद भी नहीं हुआ मरम्मत कार्य**



**नवभारत, बाकल।** जिले के बहोरीबंद विकासखंड अंतर्गत बाकल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार सुबह करीब 9 बजे बड़ा हादसा होते-होते टल गया। यहां डॉक्टर कक्ष की छत अचानक भरभराकर गिर गई। घटना के समय कमरे में कोई मौजूद नहीं था, नहीं तो हादसा कई जिंदगियों पर भारी पड़ सकता था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार छत का एक बड़ा हिस्सा अचानक टूटकर नीचे गिरा, जिससे कमरे में भारी मात्रा में मलबा फैल गया। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि छत की हालत लंबे समय से जर्जर थी और पहले भी इसके गिरने की आशंका जताई जा चुकी थी। स्थानीय कर्मचारियों का कहना है कि इससे पहले भी इसी कक्ष की छत का हिस्सा गिर चुका है, लेकिन संबंधित विभाग ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की पूरी इमारत जर्जर स्थिति में पहुंच चुकी है। कई स्थानों पर दीवारों में दरारें साफ दिखाई देती हैं, जबकि छतें कमजोर हो चुकी हैं। कर्मचारियों का कहना है कि बरसात के मौसम में स्थिति और भयावह हो जाती है, जब छत से पानी टपकता है और प्लास्टर झड़ने लगता है। इसके बावजूद स्वास्थ्य सेवाएं इसी भवन में संचालित की जा रही हैं, जो सीधे तौर पर मरीजों और स्टाफ की सुरक्षा के साथ समझौता है। बाकल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सैकड़ों मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। गर्भवती महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे भी इसी केंद्र पर निर्भर हैं। ऐसे में भवन की जर्जर स्थिति हजारों लोगों की जान को जोखिम में डाल रही है। कुछ दिन कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर मरम्मत व सुधार कार्य के निर्देश दिए गए थे। बावजूद इसके अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

# आग लगने से खेतों में रखे प्लास्टिक के पाइप और सिंचाई सामग्री जली

**ढीमरखेड़ा तहसील के छीतापाल में हुई घटना**




**नवभारत, कटनी।** ढीमरखेड़ा तहसील के सिलौडी क्षेत्र के ग्राम छीतापाल में बुधवार दोपहर अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग में किसानों के सिंचाई उपकरण जलकर नष्ट हो गए, साथ ही कुछ कच्ची झोपड़ियां भी इसकी चपेट में आ गईं। जानकारी के अनुसार, ग्रामीण अपने काम में व्यस्त थे, तभी गांव के एक हिस्से से धुआं उठता दिखाई दिया। थोड़ी ही देर में आग फैल गई और तेज हवा व गर्मी के कारण उसने आसपास के क्षेत्र को भी प्रभावित कर दिया। आग से खेतों में रखे प्लास्टिक पाइप, बिजली के तार और अन्य सिंचाई सामग्री पूरी तरह जल गई। इसके अलावा पास की कुछ कच्ची झोपड़ियां भी आग में जल गईं, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान हुआ है। आग लगते ही गांव में स्थिति बिगड़ गई। ग्रामीणों ने पानी और उपलब्ध साधनों की मदद से आग पर काबू पाने की कोशिश की और उसे आगे फैलने से रोक दिया। घटना की सूचना पर पुलिस और पटवारी मौके पर पहुंचे और निरीक्षण कर पंचनामा तैयार किया।

नुकसान का आकलन किया जा रहा है ताकि प्रभावित लोगों को मुआवजा दिया जा सके। फिलहाल आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रशासन ने बढ़ती गर्मी को देखते हुए ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की है।

# होटल के अंदर साफ करें बर्तन, गंदगी पर लगेगा जुर्माना

**नगर निगम आयुक्त ने किया स्टेशन मार्ग का निरीक्षण**



**नवभारत, कटनी।** स्वच्छ और सुव्यवस्थित शहर निर्माण की दिशा में नगर निगम प्रशासन द्वारा लगातार मैदानी स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में निगमायुक्त तपस्या परिहार ने मंगलवार देर शाम मुख्य स्टेशन मार्ग क्षेत्र का पैदल निरीक्षण कर स्वच्छता, यातायात व्यवस्था एवं बाजार क्षेत्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्षेत्रीय व्यापारियों से सीधे संवाद कर कहा कि स्वच्छ और व्यवस्थित शहर का निर्माण सिर्फ प्रशासनिक प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसमें नागरिकों एवं व्यापारियों की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने क्षेत्र के प्रत्येक दुकानदारों से निगम की सफाई व्यवस्था और कचरा संग्रहण वाहनों के आने के समय की जानकारी ली। व्यवसायियों ने बताया कि क्षेत्र में प्रतिदिन नियमित सफाई होती है तथा कचरा संग्रहण वाहन दिन में दो बार आते हैं। इस पर निगमायुक्त ने सभी दुकानदारों से वाहन में ही कचरा देकर सफाई व्यवस्था में सहयोग देने की बात कही। राजीव गांधी शॉपिंग कॉम्प्लेक्स स्थित चाय, पान, नाश्ते की दुकानों के सामने गंदगी पाए जाने पर संबंधित व्यापारियों को तत्काल सफाई व्यवस्था सुधारने, दुकानों के बाहर डस्टबिन रखने, नियमित साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। जबकि शराब दुकान के बाहर शराब की खाली बोतल, डिस्पोजल, पानी पाउच, गंदगी मिलने पर नाराजगी जाहिर करते हुए चालानी कार्यवाही के निर्देश दिए। इसी प्रकार दिलबहार चौक क्षेत्र के भोजनालय, चाय दुकानों के संचालकों को बर्तन दुकान के भीतर धोने के निर्देश दिए गए। वहीं सब्जी मंडी मोड़, शिवधाम गली, पंचमुखी हनुमान मंदिर के आस पास सहित अन्य स्थलों के व्यवसायियों को निर्धारित सीमा के भीतर सामग्री रखकर व्यवसाय संचालन करने और यातायात व्यवस्था में सहयोग देने की समझाइश दी। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश अतिक्रमण विभाग को दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान पंचमुखी हनुमान मंदिर के समीप संचालित हो रहे भंडारे, प्रसाद वितरण के कारण मुख्य मार्ग की यातायात, सफाई व्यवस्था प्रभावित होने की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए निगमायुक्त ने अधिकारियों को मंदिर समिति के सदस्यों से चर्चा कर व्यवस्थाओं को सुदृढ़ और सुचारू बनाए रखने के लिए आवश्यक समाधान निकालने के निर्देश दिए। मुख्य स्टेशन मार्ग, राजीव गांधी शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, सम्राट होटल क्षेत्र सहित कुछ अन्य स्थानों पर की क्षतिग्रस्त नालियों की मरम्मत और आवश्यक स्थलों पर नाली कवरिंग कार्य का प्रस्ताव तैयार कर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

# सरल की जाए स्लॉट बुकिंग की प्रक्रिया, दूर करें तकनीकी खमियां

**स्लॉट बुक नहीं होने से किसानों को हो रही परेशानी**




**नवभारत, बाकल।** एक ओर सरकार डिजिटल इंडिया के माध्यम से व्यवस्थाओं को आसान और पारदर्शी बनाने का दावा कर रही है, वहीं दूसरी ओर ज़मीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग नजर आ रही है। गेहूं उपार्जन के लिए बनाए गए स्लॉट बुकिंग सिस्टम ने किसानों की मुश्किलें कम करने के बजाय और बढ़ा दी हैं। किसान अपनी उपज की तुलाई के लिए स्लॉट बुक नहीं कर पा रहे हैं, जिसके कारण खेतों में अनाज पड़ा हुआ है साथ मंडियों और खरीदी केंद्रों के बाहर गेहूं से भरी ट्रॉलियां खड़ी हैं। किसान दिन-रात इंतजार कर रहे हैं, लेकिन स्लॉट उपलब्ध नहीं होने से उनकी फसल खरीदी नहीं हो पा रही हैं। किसानों का कहना है कि जिस डिजिटल व्यवस्था को सुविधा के लिए लागू किया गया था, वही अब परेशानी का कारण बन गई है। कई किसानों ने सोशल मीडिया पर अपनी नाराज़गी जाहिर करते हुए लिखा कि डिजिटल जमाने में भी व्यवस्था आदिकाल जैसी चल रही है, फर्क सिर्फ इतना है कि पहले लाइन में खड़े रहते थे, अब मोबाइल स्क्रीन पर इंतज़ार कर रहे हैं। वही मौसम में लगातार बदलाव और आंधी-बारिश की आशंका के चलते किसानों की चिंता और बढ़ गई है। खुले में रखी फसल खराब होने का खतरा बना हुआ है। कई किसानों का कहना है कि यदि जल्द तुलाई नहीं हुई, तो उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। किसानों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि स्लॉट बुकिंग प्रक्रिया को सरल और सुचारु बनाया जाए, ताकि समय पर उपज की खरीदी हो सके। साथ ही सर्वर की समस्या और तकनीकी खामियों को जल्द दूर करने की भी अपील की गई है। इस मामले में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की चुप्पी भी सवालों के घेरे में है। किसानों का कहना है कि उनकी समस्याओं को जिम्मेदारों द्वारा गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है।

## कलेक्टर ने मांगी जानकारी

**नवभारत, कटनी।** अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों को जल्द निराकृत करने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिले के सभी विभागों के प्रमुखों से सीधी भर्ती के सभी तृतीय, चतुर्थ श्रेणी के नियमित स्वीकृत, कार्यरत और रिक्त पदों की जानकारी मांगी है। उन्होने कहा है कि शासन, जिला स्तर पर प्राप्त अनुकंपा नियुक्ति के कई मामले प्रक्रियाधीन हैं। मामलों के तत्काल निराकरण के लिए आवश्यक है कि सीधी भर्ती के स्वीकृत, कार्यरत और रिक्त पदों की सही स्थिति स्पष्ट हो।

**कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रीठी जिला कटनी**

क्र./286/म.पा./पंचासैल/ज.प./2026-27 रीठी, दिनांक :- 27/04/2026

**विज्ञप्ति सूचना**

सहायक संचालक मत्स्योंद्योग जिला कटनी के पत्र कमांक 977/ससम/तक/2025-26 कटनी दिनांक 23.12.2025 तथा जनपद पंचायत रीठी की सामान्य सभा की बैठक दिनांक 10.04.2026 में पारित प्रस्ताव के तहत जनपद पंचायत रीठी के अंतर्गत आने वाले जनपद पंचायत रीठी के स्वामित्व के निम्न लिखित सिचाई जलाशयों को मछली पालन हेतु 10 वर्षीय पटटे पर प्रदान किया जाना है, जलाशय का विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. | जलाशय का नाम | स्वामित्व | विकासखंड | औसत जलक्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बोल्हा जलाशय | जनपद पंचायत रीठी | रीठी | 33.16 |

उपरोक्त जलाशय को मछलीपालन पट्टे पर देने हेतु प्राथमिकता क्रम जलाशय क्षेत्र की वंशानुगत मछुआ / अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति / पिछडावर्ग/सामान्य वर्ग की मछुआ सहकारी समितियों का होगा, मछुआ समूह सहकारी समिति पंजीकृत न होने की दशा में इसी प्राथमिकता क्रम में स्व: सहायता समूह / मछुआ समूह को मत्स्योधोग विभाग जिला कटनी से प्राथमिकता क्रम के लिये प्राप्त अनुशंसा पत्र के आधार पर जलाशय आबंटित किये जावेगें, लेकिन उन्हें एक वर्ष के भीतर मछुआ सहकारी समिति के रूप में पंजीयन कराना अनिवार्य होगा।

अत: जलाशय क्षेत्र के इच्छुक मछुआ सहकारी समितियों / स्वसहायता समूह / मछुआ समूह नियमानुसार पूर्ण किये गये आवेदन पत्र दो प्रतियों में दिनांक 29/04/2026 से 13/05/2026 तक कार्यालय जनपद पंचायत रीठी में कार्यालयीन समय पर प्रस्तुत कर सकते है। आवेदन के साथ समितियों द्वारा गत 3 वर्ष की आडिट रिपोर्ट, पंजीयन प्रमाणपत्र, समिति का प्रस्ताव, समिति के सदस्यों की सूची जमा की जाना है। इसी प्रकार समूह द्वारा पारित प्रस्ताव की प्रति सदस्यों की सूची बीपीएल कार्ड आधारकार्ड के साथ आवेदन नियत तिथि में जनपद कार्यालय में जमा करना आवश्यक है।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जनपद पंचायत रीठी**

सामान्य सभा | जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई सामान्य सभा की बैठक, समस्याओं के निराकरण के निर्देश

# शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, बिजली, सड़क सहित सभी जनहित के मुद्दों पर किया संवाद



**नवभारत, कटनी।** जिला पंचायत सभाकक्ष में बुधवार को जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक जिला पंचायत के उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा की अध्यक्षता और जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर सहित जिला पंचायत सदस्यों की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा सहित जिला पंचायत के सदस्यों अजय गोटिया, कविता राय और प्रदीप त्रिपाठी ने जनहित से जुड़े मुद्दों शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, कृषि विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, बिजली बिलों और किसानों को उपार्जन में होने वाली समस्याओं पर बेबाकी से अहम सवाल किए। संबंधित अधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों को विभागीय गतिविधियों, उपलब्धियों, कार्यक्रमों और योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान जिला पंचायत सदस्यों द्वारा सुझाव दिए जाने पर जिला पंचायत सीईओ ने सदस्यों के सुझावों को मिनिट्स बुक में दर्ज करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को तथ्यात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके पूर्व अधिकारियों द्वारा बैठक के पालन प्रतिवेदन पर उपस्थित सदस्यों को जानकारी दी गई। सामान्य सभा की बैठक में जिला पंचायत सदस्य प्रेमलाल केवट, माला मौसी, रीना लोधी, प्रिया सिंह, संगीता देवी, जनपद अध्यक्ष बहोरीबंद लालकमल बंसल, ढीमरखेड़ा से सुनीता दुबे और रीठी से श्रीमती श्याम कली सहित विजयराघवगढ़ विधायक प्रतिनिधि उदयराज सिंह, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराग मोदी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी रही। जिला पंचायत सदस्यों ने मध्यप्रदेश विद्युत मंडल द्वारा ग्राम पंचायतों को भेजे जा रहे अनाप-शनाप बिजली बिलों को लेकर असंतोष जाहिर करते हुए विद्युत बिल सुधार कराने के लिए अधिकारियों से चर्चा की। इसी प्रकार जल निगम और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में नल जल योजनाओं के क्रियान्वयन को बेहतर रखने के संबंध में संवाद हुआ। उपार्जन कार्य में किसानों द्वारा स्लाट बुक करने पर बुक नहीं होने पर चर्चा हुई और सदस्यों ने किसानों को स्लाट बुक करने के लिए टोकन जारी करने के संबंध में चर्चा की गई। जिला पंचायत सीईओ ने आयुष्मान कार्ड का लाभ, उपयोगिता जन-जन तक पहुंचाने के संबंध में आवश्यक जानकारी और प्रोसेस के संबंध में व्यापक रूप से प्रचार प्रसार कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। जिला पंचायत द्वारा जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कराए गए कार्यों और गतिविधियों की जानकारी पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के द्वारा सदन को दी गई। इस दौरान बारिश के पानी की एक-एक बूंद को सुरक्षित और संरक्षित करने पर जोर दिया गया।

**धर्मलोक हॉस्पिटल**
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED

दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।

सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, नि:संतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।

डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन

डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी)
सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ

आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का नि:शुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक

पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024